# गायब मंदबुद्धि गूंगी किशोरी अर्धनग्न खून से लतपथ हालत में मिली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र के खरसौल गांव में गायब हुई एक मंदबुद्धि किशोरी का अर्धनग्न हालत में मिलने का मामला सामने आया है किशोरी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कमल सिंह नि. ग्राम खरसौल थाना सैफनी ने बताया कि पीड़ित की पुत्री उम्र करीब 11 वर्ष जो कि मन्दबुद्धि व गूंगी है जो बोल नहीं पाती है जोकि मंगलवार को शाम करीब 07 बजे अपने घर से सिसौना रोड़ पर अपने खेत की तरफ गयी थी, काफी देर तक वापस नहीं आयी तब परिजनो को चिंता हुई परिजनों ने अपनी पुत्री को ढूँढना शुरू कर दिया। रात भर परिजन अपनी पुत्री को ढूँढते रहे लेकिन कही कोई पता नहीं चल सका। ढूँढते ढूँढते बुधवार सुबह किसी तरह जानकारी हुई कि पीड़ित की पुत्री सिसौना रोड़ पर रामसिंह के बरसीन के खेत में रोड़ के किनारे बदहवाश हालत में पडी हुयी हे आनन-फानन परिजन खेत पर पहुंचे किशोरी के चेहरे व शरीर पर जगह-जगह चोटो के निशान है तथा किशोरी के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बलात्कार किया गया है। जिसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पर थाना प्रभारी महेंद्र पाल सिंह मय फोर्स के मौके पर पहुंचे और एसओजी टीम भी मौके पर पहुंच गई है।

परिजन एंबुलेंस द्वारा घायल किशोरी को सीएचसी शाहबाद लें गए। किशोरी की गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और एसओजी टीम भी जांच में जुटी है। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर जानकारी ली और जांच शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस की जांच जारी है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है।

## ससुरालियों के द्वारा पीटने के आरोप में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** रविवार को नरेंद्रपुर के रहने वाले प्रदीप कुमार ने कोतवाली शाहबाद में आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया है कि उसको ससुराल वालों ने पीटा। पीड़ित का विवाह लगभग 7 वर्ष पूर्व संभल जिले के गांव धनारी पट्टी बाल शंकर के रहने वाले राजेंद्र की पुत्री विनीता से हुई था। प्रदीप की पत्नी विनीता से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसी बात को लेकर विनीता ने अपने मायके वालों को फोन कर बुला लिया। रविवार की सुबह प्रदीप के ससुर राजेंद्र , साले राहुल, बिचौलिया दलवीर जो कि मधुकर के रहने वाले है और अज्ञात बीस लोग और दो कार आकर दरवाजा खुलवाकर प्रदीप को पीटने लगे। प्रदीप को बचाने में प्रदीप की माता पिता को भी चोट आई। पुलिस प्रशासन प्रकरण की जांच कर रहा है।

# 6 ओवरलोड वाहन सीज, 10 ई-रिक्शा व 12 दुपहिया वाहन का चालान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शासन के निर्देश पर अवैध ई-रिक्शा और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है।

बिना पंजीयन और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले ई-रिक्शा के खिलाफ परिवहन विभाग द्वारा लगातार सख्ती बरती जा रही है। वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि देर रात मंगलवार को परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने ओवरलोड वाहनों एवं ई-रिक्शा के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की है। उन्होंने बताया कि इस दौरान 06 ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही करते हुए सीज किए गए, जबकि 10 ई-रिक्शा, 01ऑटो रिक्शा और नियमों का उल्लंघन करने वाले 12 दुपहिया वाहनों पर चालान की कार्यवाही की गयी। इसके अतिरिक्त बुधवार को 07 बिना पंजीकृत ई-रिक्शा तथा फिटनेस, टैक्स, बीमा आदि समाप्त पाए जाने पर 14 ई-रिक्शा को सिविल लाइन स्थित अजीतपुर पुलिस चौकी में सीज किये गये तथा 04 वाहनों पर चालान की कार्यवाही की गयी। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर 1से 30 अप्रैल तक चलाये जा रहे इस अभियान के अंतर्गत अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शा के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# महाकुंभ के रूप में मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस: डॉ.हरिओम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, योग महाकुंभ की तैयारी को लेकर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरिओम ने जनपद के सभी योग प्रशिक्षक एवं योग सहायकों की बैठक ली। शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2025 योग महाकुंभ को लेकर सभी को निर्देशित किया, स्कूल कॉलेज, पार्क, एवं ग्रामीण क्षेत्र के ब्लॉक में योग के प्रचार प्रसार के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा, इसके साथ ही स्कूल कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए सभी लोग जुट जाएं और कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाएं। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी प्रेम कुमार मौर्य, योग प्रशिक्षक रामू मौर्य, राजीव कुमार, उमेश चंद्रा, सोनू चौहान, उमा शंकर, प्रतीक्षा सक्सेना, अर्चना गुप्ता, ज्योति पांडे, सृष्टि पांडे, निशा गंगवार, योग सहायक गिरीश कुमार, भूपराम, अंशु सक्सेना उपस्थित रहे।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य ने की महिला जनसुनवाई

# राज्य महिला आयोग पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के लिए प्रतिबद्ध



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी ने विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई की। सदस्य ने जनसुनवाई के दौरान कहा कि राज्य महिला आयोग महिला उत्पीड़न की रोकथाम तथा पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित प्रकरण संज्ञान में आने पर तत्काल जांच कराकर नियमानुसार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

इस दौरान सुनीता सैनी ने पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारी एवं थाना प्रभारी से दूरभाष पर वार्ता कर प्रकरण की जांचने और नियमानुसार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। महिला जनसुनवाई में 25 पीड़ित महिलाओं ने सदस्य को प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया, जिसमें से 12 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।

जनसुनवाई में अधिकतर मामले भूमि विवाद, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और आवास से सम्बन्धित रहे। सदस्य ने अधिकारियों से विभिन्न विभागों द्वारा चलायी जा रही महिलाओं के उत्थान से सम्बन्धित कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा पाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी व महिला थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# प्रानपुर पुल की एप्रोच मार्ग धंसनी शुरू, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

## मौके पर पहुंच कर जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने मरम्मत करवाए जाने की मांग की



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सैदनगर क्षेत्र में कोसी नदी पर बने प्रानपुर पुल की एप्रोच मार्ग धंसनी शुरू हो गई है। जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। आपको बता दें कि हर वर्ष बरसात के मौसम में जलस्तर बढ़ने से कोसी नदी कटान करती हैं, जिससे तोपखाना प्राणपुर मार्ग भी कई जगह क्षतिग्रस्त हो जाता है और प्राणपुर पुल की एप्रोच मार्ग कट जाती है। फिर लाखों रुपए खर्च कर प्रशासन द्वारा मरम्मत कार्य करवाया जाता है। लेकिन अभी तो बरसात का मौसम भी नहीं आया है, फिर भी प्रानपुर पुल की एप्रोच धसना शुरू हो गई है। रामपुर जिला योजना समिति एवं जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और बताया कि प्रानपुर पुल की एप्रोच धंसना शुरू हो गई है। पिछले साल ही नदी की एप्रोच मार्ग कई करोड़ रुपए से बनकर तैयार हुई थी, एप्रोच मार्ग पर पत्थर कार्य भी हुआ था। लेकिन घटिया सामग्री का प्रयोग करने के कारण एप्रोच पर लगे पत्थर नदी में गिरना शुरू हो गए हैं। एप्रोच मार्ग धंसना शुरू हो गई है, जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इसलिए जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने प्रशासन से प्रानपुर पुल की एप्रोच मार्ग की मरम्मत करवाए जाने का अनुरोध किया है।

# चिकित्सालयों में एजेण्टों के माध्यम से मरीजों को भर्ती किये जाने की रोकथाम हेतु बैठक हुई सम्पन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसपी सिंह की अध्यक्षता में सभागार में जनपद रामपुर के चिकित्सालयों में एजेण्टों के माध्यम से मरीजों को भर्ती किये जाने की रोकथाम हेतु बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपस्थित समस्त निजी संस्थानों के चिकित्सकों व संचालकों एवं आईएमए के प्रतिनिधियों को शासन के निर्देशों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।

सीएमओ ने कहा कि राज्य सरकार जन सामान्य को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। किसी भी रूप में मरीजों का शोषण रोकने के लिए अपेक्षित कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे चिकित्सालय, जो अपने व्यापार को बढ़ाने आदि के उद्देश्य से एजेण्टों के माध्यम से मरीजों को भर्ती करते हैं, उनको चिन्हित किया जाए तथा मैनेजमेन्ट या चिकित्सकों की संलिप्तता पाये जाने पर उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाये। उन्होंने समस्त चिकित्सकों व संस्थान के संचालकों को निर्देशित किया कि अपने चिकित्सालयों व पैथोलॉजी आदि में इलाज या आवश्यक जांचों हेतु आने वाले मरीजों का किसी भी प्रकार से शोषण न किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि अपने-अपने चिकित्सालयों में एजेण्टों की एन्ट्री को तत्काल बन्द करा दें, इसके उपरान्त भी यदि कोई एजेण्ट अस्पताल में आता है, तो तत्काल उसकी सूचना जिला प्रशासन या कार्यालय को दें। सभी संस्थानों में इलाज व उपचार के लिए आने वाले मरीजों को मधुर व्यवहार के साथ चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराया जाए और मरीजों के साथ किसी भी स्थिति में अशोभनीय या अमर्यादित भाषा का प्रयोग न करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय/जिला महिला चिकित्सालय, समस्त उप/अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, चिकित्सा एवं आईएमए जनपद शाखा रामपुर के प्रतिनिधियों सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को रौंदा मौत



मृतक का फाइल फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** मंगलवार की देर रात एक डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मारकर मौत के घाट उतार दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने डमपर चालक के खिलाफ हंगामा किया पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर लाश परिजनों को सौंप दी है। जिससे परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। मृतक बाजपुर थाना क्षेत्र के गांव हरलालपुर का निवासी था। थाना बाजपुर क्षेत्र के गांव हरलालपुर निवासी नईम अहमद उम्र 30 पुत्र शकील मकान पर रंग पेंटिंग का काम करता था मंगलवार की देर रात वह बाइक से स्वार दिशा की ओर से अपने गांव वापस लौट रहा था। बिजारखाता में मसवासी तिराहे पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मारकर मौत के घाट उतार दिया। मृतक की बाइक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और मृतक का सिर और सीना बुरी तरह से कुचल गया था। दुर्घटना होते ही मार्ग पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी गुस्साए लोगों ने डंपर चालक के खिलाफ हंगामा किया। लेकिन डंपर चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और डंपर को अपने कब्जे में लेकर मानपुर तिराहा चेक पोस्ट पर खड़ा कर दिया है। मृतक के परिजनों को सूचना दी गई सूचना पाकर मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए और रोते बिलखते उनका बुरा हाल था। चौकी इंचार्ज अजय शुक्ला ने बताया की परिजनों ने पोस्टमार्टम न करने की मांग रखी जिसके तहत लाश का पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक के दो छोटे बच्चे हैं और दो पत्निया थी जो नाराजी में घर छोड़कर मायके रह रही थी बताते हैं कि मृतक नशे का आदि था।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सीगनखेड़ा विकास खण्ड सैदनगर जनपद ( रामपुर )**

**पत्रांकः-मीमो/ग्रा.पं./सामाग्री आपूर्ति/निविदा/कुटेशन**/2025 **दिनांकः**-15/04/2025

**ई-निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सैदनगर विकास खण्ड सैदनगर जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार शासकीय मदों के अंतर्गत अस्थाई गौ आश्रय स्थल में संरक्षित गौवंशों के भरण पोषण में भूसा/साईलेज, हरा चारा उपलब्ध कराया जाना है। प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्में/आपूर्तिकर्ता ई-टेण्डरिंग के माध्यम से शासन की बैवसाईट httpp//etender.up.nic.in से निविदा आवेदन कर सकते हैं। समस्त जानकारी शासन की बैवसाईट httpp//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**ई-निविदा बैवसाईट ( httpp//etender.up.nic.in पर )**

| क्र. सं. | विवरण | दिनांक व समय |
|---|---|---|
| 01. | ई-निविदा बैवसाईट पर अपलोड की तिथि /समय | दिनांक 18 अप्रैल 2025 को प्रातः 10:00 बजे |
| 02. | ई-निविदा बैवसाईट पर डाउलोड की तिथि/ समय | दिनांक 19 अप्रैल 2025 को प्रातः 10:00 बज से |
| 03. | ई-निविदा बैवसाईट पर डाउलोड की अन्तिम तिथि/ समय | दिनांक 25 अप्रैल 2025 को सायं: 04:00 बजे तक |
| 04. | ई-निविदा खोले जाने की तिथि/ समय | दिनांक 26 अप्रैल 2025 को अपरान्ह: 02:00 बजे तक |

**नोटः-यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/ आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।**

**( श्रीमती रूपाली ग्राम प्रधान )**
**ग्राम पंचायत सीगनखेड़ा**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**

**( श्री मो.इल्यास सचिव )**
**ग्राम पंचायत सीगनखेड़ा**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सैदनगर विकास खण्ड सैदनगर जनपद ( रामपुर )**

**पत्रांकः-मीमो/ग्रा.पं./सामाग्री आपूर्ति/निविदा/कुटेशन**/2025 **दिनांकः**-15/04/2025

**ई-निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सैदनगर विकास खण्ड सैदनगर जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार शासकीय मदों के अंतर्गत अस्थाई गौ आश्रय स्थल में संरक्षित गौवंशों के भरण पोषण में भूसा/साईलेज, हरा चारा उपलब्ध कराया जाना है। प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्में/आपूर्तिकर्ता ई-टेण्डरिंग के माध्यम से शासन की बैवसाईट httpp//etender.up.nic.in से निविदा आवेदन कर सकते हैं। समस्त जानकारी शासन की बैवसाईट httpp//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**ई-निविदा बैवसाईट ( httpp//etender.up.nic.in पर )**

| क्र. सं. | विवरण | दिनांक व समय |
|---|---|---|
| 01. | ई-निविदा बैवसाईट पर अपलोड की तिथि /समय | दिनांक 18 अप्रैल 2025 को प्रातः 10:00 बजे |
| 02. | ई-निविदा बैवसाईट पर डाउलोड की तिथि/ समय | दिनांक 19 अप्रैल 2025 को प्रातः 10:00 बज से |
| 03. | ई-निविदा बैवसाईट पर डाउलोड की अन्तिम तिथि/ समय | दिनांक 25 अप्रैल 2025 को सायं: 04:00 बजे तक |
| 04. | ई-निविदा खोले जाने की तिथि/ समय | दिनांक 26 अप्रैल 2025 को अपरान्ह: 02:00 बजे तक |

**नोटः-यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/ आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।**

**( श्रीमती विमलेश ग्राम प्रधान )**
**ग्राम पंचायत सैदनगर**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**

**( श्रीमती राजवती सचिव )**
**ग्राम पंचायत सैदनगर**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**